Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 10-10-2022 | अंक 368

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### रंगदारी व मारपीट को लेकर थाना में मामला दर्ज

चंदवारा थाना में पत्थलगड़ा पंचायत के जोगीडीह निवासी सुरेंद्र यादव व बलराम यादव ने चंदवारा थाना में आवेदन देकर मारपीट व रंगदारी मांगने को लेकर मामला दर्ज कराया है। आवेदन में उन्होंने कहा कि 8 अक्टूबर को अंचलाधिकारी चंदवारा को आवेदन देकर सरकारी अमीन नियुक्त कराकर अपनी जमीन का मापी करवा रहे थे। इसी दौरान अरविंद यादव व जानकी यादव ग्राम हरिनों थाना चंदवारा कोडरमा निवासी अपने स्क०र्पियो गाड़ी से 20 25 अज्ञात लोगों के साथ हथियार के साथ आए और हम लोग के साथ मारपीट व जानलेवा हमला करने लगे हम दोनों को हथियार के बल पर स्कॉर्पियो में बैठाकर अपहरण करने की नियत से लेकर भागने लगे हम लोग शोर-शराबा करने लगे तो ग्रामीणो ने हम लोगों को बचाया गाड़ी से उतरते समय हमारे पैकेट में रखा 1500 रूपये छीन लिए। जाते-जाते अरविंद यादव बोलने लगा कि 5 लाख रुपये मेरे चाचा जानकी यादव को अभी तक नहीं दिया है। जब हमारे चाचा आपके पुत्र को फोन करते हैं। तो फोन नहीं उठाता है अगर सभी परिवार को सुरक्षित रहना है तो 5 दिन के अंदर 5 लाख रूपये नहीं दिया तो जान मार कर फेंक देंगे आवेदन में उन्होंने कहा कि पूरी घटना का वीडियो मेरे पास उपलब्ध है।

APEM LIVE

# खोड़ाहर की कजराटांड एवं डूमरडीह जाने वाली सड़क के किनारे लगी पेड़ की हो रही है अंधाधुंध कटाई

## वन विभाग मौन, मिलीभगत की आशंका, लकड़ी तस्कर सक्रिय



काटे गए पेड़

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

वन विभाग बंरही प्रक्षेत्र के अंर्तगत खोड़ाहर के कजरा टांड एवम डूमरडीह जाने वाली सड़क के किनारे लगी बड़े बड़े पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है। ग्रामीणों की माने तो इसकी देखभाल एवं सुरक्षा की जिम्मेवारी बरही वन प्रक्षेत्र की है। ज्ञात हो कि बरही प्रक्षेत्र के रेंजर कमलेश सिंह सहित दर्जनों वन रक्षी वन सुरक्षा के लिए तैनात हैं। बावजूद दिन दहाड़े अंधाधुंध कटाई होना, कही न कही वन विभाग की कर्मियों की संलिप्तता से इनकार नही किया जा सकता। स्थल निरीक्षण से पता चला कि दुमरडीह जाने वाली पक्की सड़क के किनारे लगभग दर्जनों पेड़ काट कर तस्करों के द्वारा गायब कर लिया गया है। वही कजरा टांड में लगभग 30 से अधिक पेड़ काट लिया गया है। स्थानीय लोगों में एक ने बताया कि प्रतिदिन रात एवं दिन में भी पिकप वैन से पेड़ काटकर लकड़ी का बोटा बनाकर ले जाया जाता है। ऐसा नही की इसकी जानकारी वन विभाग को नही है। फिर भी किसी तरह की कोई कार्रवाई नही हो रही है। मानो वन विभाग की मौन सहमति हो। डीवीसी के कैटल ग०र्ड कुलदीप सिंह ने बताया कि जहां पर पेड़ की तस्करी की जा रही है। वह क्षेत्र झारखण्ड सरकार के वन विभाग के अंदर आता है। उनके द्वारा इसके रोकथाम के लिए कोई प्रयास नही किया जाता है। इस संबंध में बरही वन प्रक्षेत्र के रेंजर कमलेश सिंह से जानकारी हेतु उनके मोबाइल नंबर 9939430922 पर कई बार कॉल किया गया। लेकिन उन्होंने क०ल रिसीव नही किया। वही इस संबंध में प्रभारी वनपाल आनंद सिंह से पूछे जाने पर बताया कि उन्हें पेड़ कटाई की जानकारी उन्हें नही है। वनरक्षी को भेजकर पता लगाते हैं। पेड़ कटाई पर रोक लगाई जाएगी।

APEM WELFARE FOUNDATION

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

Regd. Under Ministry of Corporate Affairs (Govt. of India)

Regd. No.- U85300/JH/2022/NPL019305

Cont. No. - 7004315535, 9934337941

APEM TRUST HOSPITAL

आपका स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता

BASIC PARAMEDICAL TRAINING PROGRAMME

Registration Date : 10th Oct. to 20th Oct. 2022 Reg. Fee : Rs. 500/-

Training Place : 1. APEM Trust Hospital, New Colony, Dhanbad Road, Barhi, Hazaribag
2. Tathagat Hospital, Near Jheel Restaurant, Urwan, Koderma

Forms Available on : APEM Trust Hospital & RS Enterprises, Bakri Bazar, Barhi.

Time of Course : 90 days Form's Timing : 10 AM to 04 PM

For any Further Query, Contact us or visit us.

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## सहिया एवं सहिया साथियों ने बरही अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में 8 सूत्री मांग को लेकर किया धरना प्रदर्शन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



धरना प्रदर्शन में शामिल सहिया दीदी

बरही अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में सोमवार को बरही के सहिया साथियों ने 8 सूत्री मांग को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया की हजारीबाग जिला में 2672 एवं 133 सहिया साथियों की संख्या है। जो स्वास्थ्य विभाग के ग्रामीण क्षेत्रों में एनएचएम के तहत कार्य करती है। जब कोरोना महामारी काल में जब सभी पदाधिकारी घर में जब आराम से सो रहे थे तब उस समय सहिया साथी एवं सहिया दीदियों ने सभी प्रवासी मजदूरों की देखभाल करना, को. विड 19 जांच करना अनिवार्य समझा। अपनी जान की परवाह किए बगैर कोरोना मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाया, ग्रामीणों का सर्वे करना, कोरोना मरीजों को घर घर तक दवा पहुंचाना तथा दवा खिलाना शामिल है। सभी को कोविड में काम करने के लिए अलग से प्रोत्साहन राशि भुगतान किया गया तथा मानदेय बढ़ाया गया। लेकिन सहिया साथी के लिए कुछ नही किया गया। उन्होंने कहा की पिछले 16 सालों से सभी सहिया साथी बहने स्वास्थ्य के सभी कार्यों को पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा पूर्वक करते आ रहे है। जिसको लेकर यह एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया है।

8 सूत्री मांगे इस प्रकार है।

1.सहिया एवं साथी को प्रोत्साहन राशि को समाप्त कर न्यूनतम मजदूरी 18000 रुपए मानदेय दिया जाए एवं 30 दिनों का कार्य दिवस किया जाए।

2. डाटा एंट्री करने के लिए हमलोगो को मोबाइल एवं मोबाइल खर्च दिया जाए

3. सहिया एवं सहिया साथी को वर्ष में दो बार पोशाक भत्ता दिया जाए

4. सभी तरह के कार्यों को पेपर लैस किया जाए

5. जो सहिया एवं सहिया साथी 10 वर्षों से अधिक कार्यरत है। उन्हें अनुबंध कर्मी घोषित किया जाए।

6. सहिया को तृतीय मासिक ग्रेडिंग को बंद किया जाए

7. सहिया साथियों को अफ्रोजल ना किया जाए

8. सहिया एवं सहिया साथी को कोविड तथा अन्य कार्य का बकाया राशि को अविलंब भुगतान किया जाए।

मौके पर मीना देवी, निशी कुमारी, शाहजहां बेगम, रीना कुमारी, सबिता देवी, विद्या देवी, पुष्पा देवी, ज्योति मेहता, सुगीना देवी, ममता देवी, संध्या देवी, रीता देवी, आशा देवी, मालती देवी, कलावती देवी, पूनम देवी, नीलम कुमारी, माया देवी, मालती बांड्रू, नगीना देवी, रेखा रानी, रेखा देवी, कुमारी रेखा, रिंकू देवी, संगीता देवी, सरिता देवी, उर्मिला देवी, मालती भारती, अंजू कुमारी, पूनम देवी, सरिता देवी, लक्ष्मी देवी, अमीना खातून, संजू देवी, पूनम जयसवाल, नीतू देवी, यशोदा देवी, सुनीता मेहता, पिंकी देवी, बिराज देवी, कंचन देवी, सुनीता देवी, सावित्री देवी, कलावती देवी, शैल देवी, लीलवा देवी, रंभा देवी, शबाना खातून सहित सैकड़ों अन्य सहिया दीदी मौजूद थी।

## पैदल केदारनाथ यात्रा पर निकले गिरिहडीह के विराट, करियातपुर पहुंचने पर हुआ जोरदार स्वागत

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



विराट सिंह का स्वागत करते हुए

एक जमाना हुआ करता था की जब लोग पहले मीलो की यात्रा पैदल तय करते थे। आज के समय में यह संभव नहीं है। परंतु इसी को संभव कर दिखाया है गिरिहडीह जिला के सरिया निवासी के विराट सिंह ने, इन्होंने अपनी पैदल यात्रा रविवार को अपने आवास से शुरु कर दी है जो की काशी विश्वनाथ, उज्जैन महाकाल, बद्रीनाथ सहित झारखंड से बिहार, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश होते हुए उत्तराखंड में स्थित केदारनाथ पहुंचेंगे। वहीं विराट सिंह की पैदल यात्रा करियातपुर पहुंचने पर वहां के लोगो ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान विराट सिंह ने बताया की मैं भगवान शिव का भक्त हूं इनकी आराधना करता हूं। साथ ही साथ उन्होंने बताया की यह पैदल यात्रा छह महीना में पूर्ण हो जायेगा। स्वागत करने वालो में उपमुखिया संतोष प्रजापति, युवा समाजसेवी टिंकू केशरी, संजय केशरी, चंदन केशरी, शुभम केशरी, बजरंग दल संयोजक मुन्ना सोनी, कमलेश कुशवाहा, अमित सोनी, संदीप केशरी, दीपक केशरी, रौनक केशरी, बिपुल केशरी सहित कई अन्य लोग शामिल है।

## ऐतिहासिक, वैज्ञानिक ,सामाजिक क्रियाकलाप से जुड़े प्रोजेक्ट बनाकर विद्यार्थियों ने लगाई प्रदर्शनी,

### नवोदय पब्लिक स्कूल में छमाही हस्तकला परीक्षा का आयोजन, प्रथम से छठा तक के विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


प्रोजेक्ट बनाकर प्रदर्शनी लगाते बंच्चे

नवोदय पब्लिक स्कूल साधनापुरी बरही में छमाही हस्तकला परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बच्चे ऐतिहा. सिक, वैज्ञानिक ,सामाजिक क्रियाकलाप से संबंधित मॉडल एवं प्रोजेक्ट बनाकर प्रदर्शनी लगाई।। प्रदर्शनी में हस्तकला से बनी ताज. महल, जल संरक्षण, इंडिया गेट, सोलर सिस्टम, जल चक्र , महाराणा प्रताप के घोड़ा चेतक के साथ स्वच्छ भारत अभियान , फैक्ट्री, कार पार्किंग, दर्जी चिड़िया का घोंसला , भारत का मानचित्र , सौर परिवार के ग्रह नक्षत्र, ज्वालामुखी, गिटार, खेल का मैदान ,खेती करता किसान, भवेल चार्ट, स्वसन तंत्र आदि का प्रस्तुति किया। इसमें वर्ग दूसरा की विद्यार्थी आइसा प्रवीण, माहिरा परवीन ,अंकित कुमार, आरुषी कुमारी ,एम डी हसनैन, रिद्धि वर्मा, वन क्लास के विद्यार्थी यशराज केसरी ,लक्ष्मी कुमारी, नूर मो. हम्मद, एमडी जुल्फिकार आलम ,एमडी फैजान क्लास 3 के विद्यार्थी मबसीरा नाज, मीरा कुमारी ,सुहानी कुमारी, एमडी नवा. जिश ,एमडी जीशान ,आलिया परवीन, पाखी प्रिया, संस्कार राणा ,चतुर्थ क्लास के विद्यार्थी अयान रजा ,एमडी हमदान खान, दिनेश कुमार ,एमडी फैसल, एमडी नसीम ,चाहत परवीन, क्लास 5 के विद्यार्थी विशाखा कुमारी, आयशा सिद्धकी ,दीप्ति आनंद, सोनम कुमारी, सलोनी राणा ,चांदनी कुमारी ,प्रियांशु कुमार, सोनम कुमारी यादव , सुमन कुमार, एमडी दिलशान, सिक्स क्लास के विद्यार्थी सबीना ,अनीता ,आरसी परवीन, अस्मिता राज आदि ने म०डल बना कर प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य सुधीर चंद्रा ,शिक्षक विकास शर्मा ,नियाज उस्मानी, संजय कुमार ,शिक्षिका मोनिका कुमारी, गुलफसा प्रवीण, दीपा वर्णवाल, सोनाली तिवारी, राखी कुमारी आदि ने सहयोग किया ।

## समाजवादी नेता मुलायम सिंह यादव के निधन पर विनोद यादव ने किया शोक प्रकट

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



समाजवादी पार्टी के संस्थापक और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री रहे मुलायम सिंह यादव के निधन पर हजारीबाग जिला कांग्रेस महासचिव विनोद कुमार यादव समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने गहरी शोक संवेदना प्रकट की है कांग्रेस जिला महासचिव विनोद कुमार यादव ने अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए कहा समाजवादी पार्टी के संस्थापक और उत्तर प्रदेश के तीन बार मुख्यमंत्री रहे मुलायम सिंह यादव को देश के उन नेताओं में गिना जाता है जिनके राजनीतिक दांव का किसी को पता नहीं रहता था। वैसी शख्सियत का अचानक इस संसार से अलविदा होना राष्ट्र के लिए बड़ी क्षति है जिसका निकट भविष्य में भरपाई होना अत्यंत कठिन है। शोक प्रकट करने वालों में कांग्रेस जिला महासचिव विनोद यादव राजद के बरही विधानसभा प्रभारी राजेंद्र स्वर्णकार, कांग्रेस कार्यालय प्रभारी नरेश सिंह, बासुदेव यादव, छठु गोप, रघुनंदन गोप, गाजो यादव एवं यमुना यादव शामिल है।




## मोहम्मद जहांगीर ने मुलायम सिंह यादव के निधन पर जताया गहरा शोक

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


मोहम्मद जहांगीर


फाइल फोटो

ऑल इंडिया मोमिन क०न्फ्रेंस हजारीबाग के कार्यकारी अध्यक्ष मोहम्मद जहांगीर अंसारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर समाजवाद के धरोहर, प्रखर नेता मुलायम सिंह यादव के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निधन से समाजवाद के एक युग का अंत हो गया। एक साधारण से किसान परिवार में जन्मे, पले बढ़े श्री यादव राजनीति के शिखर तक अपनी निष्ठा, मेहनत के बल बूते पहुंचे और भारत के रक्षा मंत्री बन कर राष्ट्र की सेवा की। जीवन पर्यंत समाजवाद केलिए आंदोलनरत रहे। वे कभी क०रपोरेट के नेता नहीं रहे, वे सदैव गरीबों, किसानों, मजदूरों, के नेता रहे एवं उनके हक केलिए जीवन पर्यंत लड़ते रहे। कभी भी उन्होंने फिरका परस्त ताकतों से समझौता नहीं किया। विपक्षी भी उनका उतना ही सम्मान करते थे, जितना अपने दल के लोग। कभी भी उन्होंने विद्वेष की भावना से राजनीति नहीं की। आज के राजनीतिज्ञ के लिए वे प्रेरणाश्रोत थे। श्रद्धांजलि देने वालों में जिला अध्यक्ष मोहम्मद काजिम अंसारी, राज्य महासचिव डॉ अनवर हुसैन, उपाध्यक्ष आफताब आलम, इजहार अंसारी, नूरुलहोदा, मो फिरोज, असगरी अंजुम, अंजुम बानो आदि शामिल थे।

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## किसान नर्सिंग होम मे 3 तल्ले भवन में लिफ्ट मशीन का हुआ उद्घाटन

### मरीजों को सीढ़ी से चढ़ने उतरने में अब किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होगी डॉक्टर : बालेश्वर महतो

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : हजारीबाग रोड स्थित न्यू किसान नर्सिंग होम मे 3 तल्ले लिफ्ट का बतौर मुख्य अतिथि ड०क्टर श्याम किशोर कांत (मलेरिया जोनल अ०फिसर), एवं विशिष्ट अतिथि बड़कागांव बैंक अ०फ इंडिया शाखा के मुख्य प्रबंधक विभूति कुमार सिन्हा ने फीता काटकर उद्घाटन किया । बता दें कि पहली बार बड़कागांव प्रखंड किसान नर्सिंग होम संस्थान में लिफ्ट का शुभारंभ किया गया है। प्रोपराइटर डॉक्टर बालेश्वर महतो ने कहा कि मरीजों की सीढी से उतरने चढ़ने में परेशानी को देखते हुए लिफ्ट लगाने का निर्णय लिया गया था। ताकि मरीजों को परेशानी से दूर रखा जा सके। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से अधिकारी आरसी सोरेन ,तुषार कुमार सिन्हा, पूर्वी पंचायत मुखिया विमला देवी, प्रतिनिधि राजकुमार साहू, पूर्व मुखिया विष्णु रजक, महेंद्र कुमार, छोटू कुमार, महेश कुशवाहा, धर्मेंद्र कुमार, आशीष कुमार, कौशल्या देवी के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## राजपुर रेंज के रेंजर ने सुदुरवर्ती गांवों में चलाया पोस्ता के खिलाफ जागरूकता अभियान

### फोस्ता के जगह पर तिलहन और दलहन को अपनाएं किसान : सूर्य भूषण

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी : सोमवार को राजपुर वन प्रछेत्र के वन क्षेत्र पदाधिकारी सूर्य भूषण कुमार ने राजपुर रेंज के गड़िया एवं अमकुदर सहित अन्य सुदूरवर्ती वन का भ्रमण कर अफीम नहीं लगाने हेतु जागरूकता अभियान का आयोजन किए। और ग्रामीणों से मिलकर अफीम की खेती से होने वाले नुकसान के बारे में बताए। तथा अफीम की खेती नहीं करने की सलाह दिए। ग्रामीणों ने बताया कि हम लोग को रोड नहीं होने के वजह से बहुत तकलीफ है अब रोड बन जायेगा तो अब हम लोग अफीम की खेती नहीं करेंगे। और ना ही किसी को करने देंगे।रेंजर सूर्य भूषण कुमार ने कहा कि पोस्ता की खेति चाहे जंगल की जमीन हो या रैयती पर पोस्ता की खेती करने वालो पर वन विभाग वन अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा कर सलाखों के पीछे भेजेगी।उन्होंने कहा कि पोस्ता के जगह पर तिलहन दलहन की खेती करें।ताकि आप गरीब किसानों पोस्ता की खेती से नुकशान ने हो। इस जागरूकता अभियान में वनरक्षी रितेश विश्वकर्मा एवं उत्तम कुमार उपस्थित थे।




## नेता जी के निधन से समाजवादी विचारधारा में शून्यता, भरपाई करना मुश्किल : भुनेश्वर यादव

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशेर राणा**



भुनेश्वर यादव

भारत सरकार में रक्षा मंत्री, यूपी राज्य से तीन बार मुख्यंमत्री रहे समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन से पूरे देश सहित चौपारण में भी शोक की लहर दौड़ पड़ा। बरही विधानसभा से समजवादी पार्टी के चुनाव चिन्ह पर विधायक का चुनाव लड़ने वाले नेता सह समाजसेवी भुनेश्वर यादव ने नेता जी के निधन पर अपनी गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि नेता जी के निधन का समाचार सुनकर मन व्यथित है, उनके निधन से समाजवादी विचारधारा में एक शून्यता सा आ गया है, जिसे लम्बे समय तक भर पाना मुश्किल है। कहा जब मै नेता जी मिला था उनसे काफी प्रभावित हुवा। उनका कथन आज भी मुझे स्मरण है। उन्होंने कहा था कि राजनीति क्षेत्र में जहां भी रहो ,गरीबो के लिए हमेशा काम करो , गरीब का कोई जाती व धर्म नही होता, गरीब हर जाती में होते है, इस विचारधारा के ऐसे महान नेता का जाना ,राष्ट्र एवं समाज के लिए अपूरणीय क्षति है ,ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे एवं अपने श्रीचरणो में स्थान दे। कहा मेरे लिए हमेशा नेता जी आदर्श थे और हमेशा रहेंगे। कहा नेता जी ने हमेशा कार्यकर्ताओ को तरजीह दिया जिसका परिणाम है कि दशकों में यूपी जैसे बड़े राज्य में समाजवादी पार्टी एक मजबूत स्तम्भ बना हुआ है।

## पुराने मुखिया के कार्यकाल की योजना 15 वें वित्त का भुगतान नए मुखिया के द्वारा नहीं होने पर अनशन पर बैठे झामुमो नेत्री

**अपेम लाइव : संतगांवा**
**विकाश पांडेय**



सतगावां थाना क्षेत्र के प्रखंड कार्यालय में सोमवार को पुराने मुखिया के कार्यकाल के योजना में नए मुखिया के द्वारा 15 वें वित्त की राशि भुगतान नहीं होने के कारण झामुमो महिला मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष ब्यूटी कुमारी अनशन पर अनिश्चितकाल के लिए बैठ गयी बताया जाता है कि पिछले वर्ष पुराने मुखिया के कार्यकाल की योजना सिहास स्थित जानकी महतो के घर से कुआं तक नाली निर्माण एवं ढक्कन निर्माण कार्य की गई थी जिसमें भुगतान नहीं होने के कारण लाभुक को काफी परेशानी हो रहा रही थी और लाभुक के द्वारा कई बार पंचायत कार्यालय व प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रहे थे इसी बीच शिवपुर पंचायत के मुखिया व पंचायत सेवक के द्वारा पूर्व मुखिया द्वारा किये गए पूर्व योजना में भुगतान नहीं करने की बात कही जिससे लाभुक घबरा गए और अनशन पर बैठ गए लाभुक का कहना है कि वह बैंक से लोन व कर्ज लेकर काम किए थे और भेंडर के द्वारा उन्हें सामग्री भी दी गई थी और भुगतान नहीं होने के कारण सभी पैसा बकाया रह गया है जिसके कारण लाभुक परेशान है और अनशन पर बैठ गए हैं समाचार लिखे जाने तक झामुमो महिला मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष ब्यूटी कुमारी अनशन पर बैठे हैं


## सीएचसी के महिला सफाईकर्मी की मौत पर आश्रित को स्वास्थ्यकर्मियों ने दी आर्थिक मदद

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



मृतक के आश्रित को आर्थिक मदद देते स्वास्थ्यकमह्र

विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की महिला सफाईकर्मी प्रमिला देवी (55) के आकस्मिक निधन पर सोमवार को स्वास्थ्यकर्मियों ने उनके आश्रित को आर्थिक मदद दी। बता दें कि महिला सफाईकर्मी का निधन बीते दो अक्टूबर को हो गया था। उसकी आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय थी। उनके परिजनों के दुख-दर्द को समझते हुए स्वास्थ्यकर्मियों ने उनके घर पहुंचकर आपसी सहयोग से जमा कर 11 हजार रूपए की आर्थिक मदद की। इस मौके पर स्वास्थ्यकर्मी बीएएम प्रमोद कुमार ने बताया कि परिजनों को एक छोटी सी मदद की गई है। इससे उनके परिजन को श्राद्धकर्म में मदद होगी। मौके पर राजेश कुमार समेत अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।




डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## अडानी कोल खनन कंपनी के ग्राम सभा के विरुद्ध महिलाएं कई घंटे कड़ी धूप में बैठकर मौन प्रदर्शन किया

### जमीन नहीं देने व अदानी कंपनी को वापस जाने की मांग पर अड़े रहे ग्रामीण

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : प्रखंड के गोंदलपुरा पंचायत अंतर्गत ग्राम बलोदर में अडानी कोल खनन कंपनी के को लेकर सोमवार को ग्रामसभा का आयोजन होना था। ग्राम सभा के विरोध में प्रातः 7 बजे से ही ग्रामीण टीलवा पार स्थान पर एकजुट होने लगे । देखते ही देखते हजारों की संख्या में महिला और पुरुष बीच सड़क पर तख्ती ले कर पहुंच गए। टीलवा पार सड़क को ही ग्रामीणों ने प्रदर्शन स्थल बना दिया। जिसमें महिलाएं विरोध प्रदर्शन का चेहरा बन गई। ग्रामीणों के एकजुटता के कारण अधिकारी ग्रामसभा स्थल पर नहीं पहुंच सके। विरोध प्रदर्शन को महिला प्रदर्शनकारियों ने मौन विरोध प्रदर्शन का रूप दे दिया। चिलचिलाती धूप में भी ग्रामीण प्रदर्शन स्थल पर पूरा दिन डटे रहे। ग्रामीणों ने कहा के 7 तारीख को ही हम लोग ग्राम सभा कर हजारीबाग उपायुक्त, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, पुलिस अधीक्षक और विभिन्न सरकारी संस्थाओं को सूचित कर दिए थे की हम लोग किसी भी परिस्थिति में कंपनी को जमीन नहीं देंगे। प्रशासन के काफी प्रयास के बाद भी ग्रामीण न किसी तरह की कोई बात करने के तैयार हुए न ही सड़क से हटे। प्रदर्शनकारी हाथों में तख्ती लेकर जल जंगल जमीन हमारा है, ग्राम सभा रद्द करो, किसानों और ग्रामीणों को विस्थापित करना बंद करो, विकास के नाम पर प्राकृतिक को बर्बाद करना बंद करो आदि नारों के साथ प्रदर्शन करते रहे। दंडाधिकारी नवीन भूषण कुल्लू ने ग्रामीणों से आग्रह किया की अपनी बातों को हमारे सामने रखें। स्वतंत्र प्रवेक्षक प्रणय कुमार, कानूनगो सुनील कुमार सिंह, बड़कागांव इंस्. पेक्टर श्याम चंद्र सिंह, थाना प्रभारी विनोद तिर्की और महिला एसआई राधा कुमारी ने भी प्रदर्शनकारियों को समझाने बुझाने का प्रयास किया लेकिन किसी भी ग्रामीण ने अधिकारियों के सामने जबान तक नही खोला। उपस्थित अधिक. ारियों ने प्रदर्शनकारियों से कहा के हम ग्रामीणों के लिए ही आए हैं हम ग्रामीणों की समस्याओं और ग्रामीणों के मांगों को जानना चाहते हैं। लेकिन प्रदर्शकारियों ने कहा के हमें किसी से कोई बात नही करनी है तख्ती पर हम ने संदेश लिख दिया है और ग्राम सभा कर 7 तारीख को ही संबंधित संस्थाओं को जमीन नहीं देने की सूचना दे चुके हैं। मौके पर उपस्थित बड़कागांव जिप सदस्य सुनीता देवी ने कहा के अधिकारी जो गोंदलपुर में आ रहे हैं लोगों का रक्षक बन कर वो पहले बड़कागांव में पूर्व से जो कोल खनन कंपनी कार्य कर रही है उन कंपनियों में बड़कागांव के बेरोजगार युवकों को नौकरी दिलाने का काम करे। कंपनी के अधिकारियों के वापस लौटने के बाद ग्रामीणों ने एक सभा कर 12 तारीख और 18 तारीख को इससे भी बड़ा प्रदर्शन करने की बात कही।

## बड़कागांव पूर्वी प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति लिमिटेड मे किसानों का निबंधन जारी

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव पूर्वी पैक्स में सभी प्रकार के सब्जियां एवम् फल, फूल उचित मूल्य पर क्रयदृविक्रय किया जाएगा। जिसे लेकर किसानों का रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। केंद्र का शुभारंभ 15 दिनों के अंदर किया जाएगा , 12 सितंबर से रजिस्ट्रेशन जारी है । ताकि किसानों को सब्जियों का उचित मूल्य मिल सके और उसके खाते में राशि भेजा जा सके। रजिस्ट्रेशन सुबह 10 बजे से दोपहर 01 बजे तक तथा दोपहर 02 बजे से शाम 05 बजे तक बड़कागांव पूर्वी पैक्स में किया जाएगा।रजिस्ट्रेशन के लिए आधार कार्ड बैंक पासबुक2 पीस फोटो व्हासप नंबर के साथ रजिस्ट्रेशन शुल्क 100 जमा करना है। बड़कागांव पूर्वी पैक्स,बड़कागांव 9546199767, 9431500327, 6205706874 पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। रजिस्ट्रेशन के मौके पर पैक्स अध्यक्ष संजय कुमार, प्रबंध कार्यकारिणी के सदस्य संदीप कुशवाहा, जय शंकर मेहता, शिव शंकर कुमार , दामोदर प्रसाद मेहता, धूपन महतो, संतोष कुमार ,बीगल किशोर महतो ,सोहन महतो, डालेश्वरी देवी, मंजू देवी, शारदा देवी ,पार्वती देवी, तारा देवी, रीना देवी, गोपाल कुमार ,प्रकाश कुमार, वीरेंद्र कुमार ,नागेश्वर कुमार, कैलाश कुमार, निखिल कुमार, सरोज कुमार ,सत्यजीत, विद्या अलंकार के अलावा कई लोग उपस्थित थे।




## बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सहिया संघ ने अपनी मांगों को लेकर दिया एक दिवसीय धरना कहा

### विधायक अंबा प्रसाद को स्वास्थ्य सहिया और जल सहिया के बीच का फर्क तक मालूम नहीं : जिला अध्यक्ष

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सहिया संघ के द्वारा मानदेय बढ़ाने एवं अन्य सुविधाओं की मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष लक्ष्मी देवी ने किया। धरना प्रदर्शन में सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई एवं अपनी मांगों को रखा। जिसमें 18000 मासिक मानदेय की मांग की गई। वहीं शीघ्र मांगे पूरी नहीं होने पर संघ के द्वारा झारखंड सरकार प्रदेश सचिवालय का घेराव 14 अक्टूबर को किया जाएगा ।इसके बावजूद बात नहीं बनी तो अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जाएगा। धरना के पश्चात संघ ने बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को उपायुक्त के नाम 8 सूत्री मांग पत्र सौंपा है। मौके पर धरना को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष लक्ष्मी देवी ने कहा कि बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद को प्रखंड भर के तमाम सहिया साथियों ने कई बार मांग पत्र सौंपा परंतु नजर फेरे विधायक अंबा प्रसाद में सहिया साथियों की मांग को दरकिनार कर दिया। विधायक अंबा प्रसाद को जल सहिया और स्वास्थ्य सहिया के बीच का फर्क तक मालूम नहीं है। ऐसी विधायक के कार्यों की मैं निंदा करती हूं । विधायक के कार्यकाल के 3 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं परंतु अब तक उन्होंने सदन में स्वास्थ्य सहिया की मांग को लेकर आवाज तक नहीं उठाई है। इसके पूर्व जब विधायक बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची थी तब भी सहिया साथियों ने अपनी मांग को उनके बीच रखा परंतु वह हमारी बातों को अनसुना कर बीमारी का बहाना बनाकर भाग गई। अंबा प्रसाद खुद ही एक महिला होते हुए भी वह महिलाओं की दर्द को नहीं समझ सकी ऐसी विधायक का हम सभी सहिया साथी विरोध करते हैं। यह कहते हुए धरना पर बैठे सहिया साथियों ने अंबा प्रसाद हाय हाय बड़कागांव विधायक मुर्दाबाद के नारे लगाने लगे।

**क्या कहना है स्वास्थ्य सहीया साथियों का।**

आगे सहिया साथियों ने कहा कि जब महामारी कोविड-19 की प्रकोप से पूरा देश त्रस्त था एवं बड़कागांव के चिकित्सा प्रभारी व कई स्वास्थ्य कर्मी कुर्सी धारी बने बैठे आदेश करते थे तब प्रखंड भर के सहिया साथी बेझिझक बिना डरे घर के सभी कार्यों को छोड़कर प्रवासी मजदूरों का देखभाल करते थे पी पी किट पहनकर 3 , 3 घंटे गांव में बैठे रहते थे ताकि बाहर से आए प्रवासी मज. दूरों को बड़कागांव अस्पताल पहुंचा सके। जिसके बाद ह०स्पिटल के कार्यों के लिए अ०नलाइन करना, फोटोक०पी कराना, सर्वे कार्य सहित अ०नलाइन के लिए रिचार्ज व फोटोक०पी कराने के खर्चे भी सहिया दीदी अपनी मासिक मजदूरी के पैसे से ही कराती है । इतना ही नहीं पूरे प्रखंड में जागरूकता फैलाने का काम स्वास्थ्य सहिया दीदियों के द्वारा कराया जाता है। बावजूद सरकार सहिया को मासिक मजदूरी महीने के 2000 एवं सहिया साथी को मात्र 6000 भुगतान करती है। धरना प्रदर्शन में शामिल लोगों में मुख्य रूप से सहिया संघ के जिला अध्यक्ष लक्ष्मी देवी, सीमा देवी, आशिया खातून, तिलेश्वरी देवी, सुनीता सिन्हा, सुनीता देवी, जमनी देवी, पुष्पा मेहता, बसंती देवी, बीना देवी, मंजू देवी, सरिता देवी एवं सहिया सचिव उर्मिला देवी प्रखंड अध्यक्ष उषा देवी, कोषाध्यक्ष गीता देवी, रुकमणी देवी, संगीता देवी, सलमा खातून, जरीना खातून, निर्मला देवी, शारदा कुमारी, अंबरी खातून, विमला देवी, नूरफातमा, मंजू देवी, निर्मला देवी, मीरा देवी, मीना पांडे, चंचला देवी, रानी मिर्धा सहित अन्य कई सहिया साथी उपस्थित थे।

## छवानिया गांव में बिजली के 11000 बोल्ट तार की चपेट में आए घायल व्यक्तियों से मिलने रिम्स पहुंचे आजसू नेता : रोशनलाल चौधरी

### कहा दुर्घटना से प्रभावित परिवार को अविलंब मुआवजा दे राज्य सरकार

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : प्रखंड के छवानिया गांव में ईद मिलादुन्नबी के जुलूस के गाड़ी पर 11000 बिजली तार की चपेट में आने से मौके पर एक कि मौत व 8 घायल हो गए थे। जिसमे चार घायलो का इलाज रांची के रिम्स अस्पताल में इलाज के लिए पहुँचा। जिसका सूचना मिलते ही आजसू पार्टी केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी घायलों एवं उनके परिजनों से मिलने रिम्स पहुंचे।जहाँ उन्होने घायलों के बेहतर इलाज हेतू रिम्स के संबंधित अधिकारियों एवम ड०क्टर्स से मिलकर बात की।मौके पर रोशनलाल चौधरी ने कहा की घटना अत्यंत दुःखद है। मामला सरकारी उदासीनता का है।बिजली संचार में उपयोग होने वाली उपकरणों की निरंतर निरीक्षण कर उनकी मरम्मत होनी चाहिए। राज्य सरकार अविलंब घायलों को मुआवजा दे। आगे उन्होंने कहा कि मृतक व घायल परिवारों के साथ में मैं और आजसू पार्टी हमेशा खड़ा रहेगा।

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## विष्णुगढ़ में आठ सूत्री मांगों को लेकर सहिया संघ का विरोध प्रदर्शन व धरना

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



सोमवार को अपनी मांगों को लेकर जुलूस में शामिल सहिया संघ के लोग

झारखंड राज्य सहिया संघ की विष्णुगढ़ इकाई ने सोमवार को आठ सूत्री मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन कर जुलूस निकाला और एकदिवसीय धरना दिया। सहिया साथी एवं सहिया ने एकजुटता के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में जमा हुए और मांगों के समर्थन में हॉस्पीटल चौक, सातमील मोड़ होते हुए पुनः सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचकर धरना पर बैठ गए। सहिया साथी पिंकी चौरसिया ने कहा कि सरकार सहिया एवं सहिया साथियों के साथ छल कर रही है। सहिया की मांगों पर सहानुभूतिपूर्ण विचार का वादा कर सरकार सत्ता पर बैठती है। इसके बाद उनके दुख-दर्द को भूला दिया जाता है। सहिया सरकार द्वारा चलाए जा रहे हरेक कार्यक्रमों में अपनी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाती है। इसके बाद आज तक सहिया एवं सहिया साथियों को उचित सम्मान नहीं मिल सका। इसके विरोध में धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होना पड़ा। कहा कि इसके बा. वजूद सरकार हमारी आठ सूत्री मांगों पर पहल नहीं करती है तो व्यापक आंदोलन की रूपरेखा तय की जाएगी। मांगों में सहिया का स्थायीकरण, सहिया को 12 हजार तथा सहिया साथी को 18 हजार मानदेय, डाटा इंट्री के लिए मोबाइल का इंटरनेट खर्च देने, साल में दो बार पोशाक भत्ता, पेपरलेस काम करने, 10 सालों के अनुभव वाले सहिया को अनुबंधकर्मी घोषित करने, तृतीय मासिक ग्रेडिंग को बंद करने तथा कोविडकाल में किए गए कार्य का बकाया राशि भुगतान करने की मांगें शामिल है। धरना के उपरांत बीडीओ, एमओआईसी तथा थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा गया। मौके पर पिंकी चौरसिया, अध्यक्ष सीमा देवी, सहिया साथी स्नेहलता सिन्हा, वीणा देवी, सुरैया खातुन, स्वाती देवी, कौशल्या देवी, अंजू देवी, सहिया रीना देवी, उमा देवी, किरण देवी, बसंती देवी, चिन्ता, शीतल देवी समेत कई सहिया एवं सहिया साथी शामिल थे।

## विस्थापन को लेकर चेपाकला पंचायत में किया गया विशेष ग्रामसभा

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव प्रखंड के अंतर्गत चेपाकला पंचायत में एनटीपीसी से विस्थापन को लेकर मुखिया अनिकेत कुमार नायक के अध्यक्षता में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस ग्राम सभा में सर्व समिति से यह प्रस्ताव लिया गया कि एनटीपीसी कंपनी के द्वारा इस पंचायत में मकान की मापी करने से पहले एनटीपीसी एवं पंचायत के लोगों के साथ ग्रामसभा करके वार्ता करें। मुखिया अनिकेत कुमार नायक ने कहा कि विस्थापन नीति और परिसंपत्ति जैसे कि मकान कुआं तालाब चारदिवारी इत्यादि का दर का जानक. ारी ग्राम सभा को दिए बिना घर की मापी एनटीपीसी ना करें। कंपनी का रवैया है कि लोगों को डरा धमका कर उसके घर की माफी करा लेती है जिससे हमारे संवैधानिक अधिकारों को हनन कर लेती है। मौके पर मुख्य रूप से वार्ड सदस्य सुनील कुमार, विनोद कुमार, रूद्र नारायण महतो, खेमानी साव, विजय राणा,दिनेश्वर महतो ,अर्जुन ठाकुर, संतोष सिंहा,अजीत ठाकुर ,गोपाल प्रजापति, देवनंदन महतो ,आनंद महतो व सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।







